हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 26 अक्टूबर 2025

06 आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने ऑपरेशन...



09 विरधा में 124 वर्ष पुराना इन्सपेक्शन हाउस ध्वस्त...





## खबर संक्षेप

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होगी ट्रायल, पंजीयन शुरू

**सीहोर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी दिनों में होने वाली ट्रायल के लिए पंजीयन 26 अक्टूबर तक अनिवार्य किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के निर्देश पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और वीरु वर्मा ने ट्रायल संबंधित कमेटी का गठन किया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय टीम के लिए अंडर-14, अंडर-18, अंडर-23 और सीनियर टीम के लिए ट्रायल होना है। ट्रायल में पंजीजन के लिए 26 अक्टूबर अंतिम तिथि है। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अनेक मैचों का आयोजन बीएसआई मैदान होने जा रहा है। इन मैचों में खेलने के लिए एसोसिएशन में पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों में होने वाली ट्रायल के पहल पंजीयन होना अनिवार्य किया गया है। खिलाड़ी अपने दस्तावेज लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय बालरंग भोपाल में 5 दिसंबर को

**सीहोर।** भोपाल में राष्ट्रीय बालरंग-2025 इस वर्ष 5 दिसम्बर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित होगा। आयोजन की व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर संचालक डीएस कुशवाह की अध्यक्षता में गुरूवार को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय बालरंग में 20 से अधिक राज्यों के स्कूल के विद्यार्थी अपने राज्यों की लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। बालरंग में 500 से अधिक विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। इसी के साथ बालरंग में 5 हजार विद्यार्थी सहभागिता कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की थीम पर राज्यों की लोक कलाओं से परिचित हो सकेंगे। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय बालरंग का आयोजन वर्ष 2005 से निरंतर भोपाल में हो रहा है। बैठक में विद्यार्थियों के आवास, परिवहन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

## कार्रवाई : किसान पेयजल के लिए संरक्षित पानी की कर रहे थे चोरी

# कम बारिश के चलते नपा अमला अलर्ट भगवानपुरा से जब्त किए गए मोटर पंप

जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1148 मिलीमीटर है, लेकिन इस बार मात्र 1090 एमएम बारिश ही दर्ज हो पाई, जो पिछले साल 1161 एमएम से भी काफी कम है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में औसत से कम बारिश होने के कारण आगामी गर्मी में संभावित गंभीर जल संकट की आशंका तेज हो गई है। मानसून सीजन समाप्त होते ही नगर पालिका प्रशासन पेयजल के लिए आरक्षित जल भंडारण को लेकर अत्यधिक सतर्क हो गया है। इसी सक्रियता के तहत नपा अमले ने शुक्रवार को भगवानपुरा तालाब पर अभियान चलाकर अवैध रूप से पानी चोरी करने में इस्तेमाल की जा रही मोटरें जब्त की हैं।

बता दें जिले में इस साल मानसून की सक्रियता कम रहने के कारण स्थिति चिंताजनक है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1148 मिलीमीटर है, लेकिन इस बार मात्र 1090 एमएम बारिश ही दर्ज हो पाई, जो पिछले साल 1161 एमएम से भी काफी कम है। 21 जून को मानसून की दस्तक के बावजूद बार-बार मानसून ब्रेक की स्थिति बनने से जिले में पानी का अपेक्षित भंडारण नहीं हो पाया।

**50 तालाब खाली :** कम बारिश का सीधा असर जिले के जल स्त्रोतों पर पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 50 से अधिक तालाब वर्तमान में खाली रह गए हैं, जिससे भूजल स्तर और सतही जल स्त्रोतों पर भारी दबाव बढ़ गया है।

**पानी चोरों की खेर नहीं :** नपा अमले ने भगवानपुरा तालाब जिसका जलस्तर पहले ही चिंता का विषय है, वहां तलाशी अभियान चलाया और अवैध तरीके से सिंचाई या अन्य कार्यों के लिए पानी खींचने वाली मोटरों को जब्त किया। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जल संकट को देखते हुए पेयजल स्त्रोतों से पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ अब और सख्ती बरती जाएगी।



### एक दिन छोड़कर पेयजल आपूर्ति

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मानसून सीजन खत्म होने के बावजूद नगर में वर्तमान में भी एक दिन के अंतराल पर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने आरक्षित पेयजल को संरक्षित करने के लिए सख्ती शुरू कर दी है।

## ज्ञान पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना व सामूहिक देववंदन कार्यक्रम आज

**नलखेड़ा।** ज्ञान पंचमी पर रविवार को मां सरस्वती की आराधना एवं पूजन के साथ महिलाओं द्वारा सामूहिक देववंदन कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर सरस्वती महापूजन का कार्यक्रम भी होगा। रत्ननिधि म.सा. पुण्य निधि म.सा आदि ठाणा 05 का चातुर्मास जैन उपाश्रय में सानंद चल रहा है। जहां पर साध्वी मंडल की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां चल रही है, इसी के अंतर्गत रविवार को प्रातः 8.30 बजे से ज्ञान पंचमी के पावन पर्व पर उपाश्रय में सामूहिक देव वंदन, पूजन का कार्यक्रम रखा गया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं द्वारा घर से सजाकर लाई गई विभिन्न प्रकार के धान के साथ फल फ्रूट, मिष्ठान, लेखन सामग्री आदि मां के समक्ष स्वास्तिक बनाकर अर्पण की जाएगी एवं घी के दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे तथा महिलाओं तथा समाजजनों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा तथा शास्त्रजी, धार्मिक पुस्तकों आदि की वासक्षेप से पूजन की जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 9:30 बजे से उपाश्रय जी में ज्ञान की देवी मां सरस्वती महापूजन का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिसमें स्कूली बच्चों के साथ समाजजनों द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ सरस्वती जी का पूजन किया जाएगा।

## दो बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चला: फूड पॉइजनिंग की आशंका, डॉक्टर्स बोले- पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताएगी सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में पांच दिन पहले हुई दो बच्चों की मौत का मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि बच्चों की मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल पाएगा। प्रथम दृष्टया इन मौतों का कारण फूड पॉइजनिंग माना जा रहा है।



दरअसल ग्राम कचनारिया में 20 अक्टूबर को दो बच्चों की मृत्यु हुई थी। सूचना मिलते ही विकासखंड के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. बी.के. डोहर और एक स्वास्थ्य दल ने गांव का दौरा किया। भ्रमण के दौरान, मृतक बच्चों के परिवार के अलावा गांव में उल्टी, दस्त, बुखार या अन्य किसी बीमारी के लक्षण वाला कोई और मामला सामने नहीं आया। इससे यह सुनिश्चित किया गया कि यह कोई व्यापक बीमारी का प्रकोप नहीं है। मृतक बच्चों में से एक, 8 वर्षीय वंश (पिता अखिलेश), को 20 अक्टूबर को उल्टी होने पर सुबह 11:13 बजे सिविल अस्पताल आष्टा लाया गया था। वहां से उसे सुबह 11:30 बजे सीहोर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां पहुंचने पर बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे बच्चे की मृत्यु घर पर ही हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वर्तमान में गांव में सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी नई स्वास्थ्य समस्या का तुरंत पता लगाया जा सके।

### संबल योजना : आधार से नहीं होगी उम्र की गणना

**सीहोर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में श्रमिकों की उम्र तय करने के नियम बदले गए हैं। श्रम विभाग ने नए निर्देश जारी किए हैं। अब आधार कार्ड के आधार पर उम्र नहीं मानी जाएगी। उम्र के प्रमाण के लिए अब बोर्ड या विश्वविद्यालय की अंकसूची, प्रमाण पत्र या अंतिम स्कूल का स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए रजिस्ट्रार, ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र मान्य रहेगा। श्रम विभाग के अतिरिक्त सचिव बसंत कुर्रे ने बताया कि यदि ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, तो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक या उससे उच्च पद पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र मान्य होगा।

## जीवनदायिनी है सीवन, इस तरह न करें प्रदूषित



**सीहोर।** इस बार बरसात के बाद सीवन नदी लबालब भर गई थी। नदी का गहरीकरण कराया गया था। इससे पानी स्टोर करने की क्षमता बढ़ी। चद्दर पुल के मोहरे बंद करने के बाद महिला घाट तक नदी भर गई। लेकिन अब नदी में लोग पूजन सामग्री और अन्य चीजें पॉलीथिन में डाल रहे हैं। इससे पानी की सतह पर कचरा तैरने लगा है। पानी दूषित हो रहा है। समय रहते सफाई नहीं हुई तो पूरा पानी खराब हो सकता है। टाउन हाल के पास विसर्जन कुंड में भी गंदगी बढ़ गई है। यहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था।

## दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# जीवन में धर्म नहीं करेंगे तो निरंतर दुःख उठाते रहेंगे : मुनि विवर्धन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

इस लोक में हम अनादि काल से रमण कर रहे हैं, लेकिन आज तक हमने आत्म स्वरूप को नहीं जाना। जिन भावों से शिव पद, मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है। उन भावों से स्वर्ग पाना क्या कठिन है। जीवन में अगर हम धर्म नहीं करेंगे तो निरंतर दुःख उठाते रहेंगे। धर्म के मार्ग पर एक-एक सीढ़ी बढ़कर मोक्ष पथ पर बढ़ सकते हैं। अशुभ भावों से नरक व तिर्यंच गति की प्राप्ति होती है। शुभ भावों से मनुष्य गति व स्वर्ग प्राप्त होता है।



दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज सा. ने प्रवचन के दौरान यह बात कही। मुनिश्री ने कहाकि विषय कषायों में आसक्ति ही अशुभ भाव है। पंच विषयों से हमें बचाना चाहिए। जो मुनि होकर भी विषयों में लगा है वह सिद्धि को प्राप्त नहीं करेगा। जो शरीर व आत्मा को एकत्व रूप में मानेगा वह अशुभ परिणाम वाला होगा। बहिरात्मा पर द्रव्यों को भी अपना मानता है। उनके कष्ट को अपना कष्ट मानकर दुःखी रहता है। जो परिवार में रहकर भी परिवार से विरक्त रहता है, वह धर्मात्मा होता है। मिथ्या दृष्टि संसार के कार्यों में लीन रहता है। इस प्रकार बहिरात्मा जीव विषय कषायों में लीन रहकर, मिथ्या शास्त्र सुनकर आर्त रोद्र ध्यान मैं लीन रहता है। मुनिश्री ने बताया कि उन्नमार्ग पर चलकर मिथ्यादृष्टि जीव अशुभ कार्यों में लगा रहता है। मन अश्वगति के समान तीव्र दौड़ता रहता है। जो अपने मन को कंट्रोल नहीं कर पाया वह अशुभ कार्य में लगा रहता है। कार्य अशुभ करने पर मन भी अशुभ ही रहेगा। निरंतर राग के भोग विलास में लगे रहने वाला कभी शुभ परिणाम नहीं धारण कर सकता। दो कार्य एक साथ नहीं हो सकते। एक बार में एक ही प्रकार के परिणाम आत्मा के हो सकते हैं।

मुनिश्री ने बताया कि जो हिंसादि में संलग्न है। मिथ्या, ईर्ष्या, मद, भोजन कथा, स्त्री कथा, राजकथा, मन, वचन, काय की अशुभ भाव में संलग्न हो वह अशुभ कर्मों का ही बंध करेगा। सम्यक दर्शन जिसको हो जाता है वहां शुभ परिणाम बांधने लगता है। सम्यक दर्शन के अभाव में कितने ही भव हमें भ्रमण करना पड़ेगा। षट्कार्य करते हुए जीवन में कब आयु बंध हो जाए कहां नहीं जा सकता। मुनिश्री ने कहाकि नलखेड़ा का शुभम भैया 23 वर्ष की आयु में जिनका निधन हो गया उनके भाव हमेशा अच्छे होते थे। हमेशा मुनिराजों के दर्शन करते थे। शुभ परिणति हमेशा शुभम भैया की होती थी। अंतिम समय में भी उसने मुनिराज का आशीर्वाद लिया था। उनकों ऑपरेशन में सफलता नहीं मिल पाई। उन्होंने जीवन के अंत में भी अच्छे परिणाम रखे। अहमदाबाद में उन्होंने अंतिम सांस ली निश्चित होने अच्छी गति प्राप्त होगी। आयु का कोई भरोसा नहीं इसलिए आत्मा के कल्याण में लगे रहे।

मुनिश्री ने कहा जिन भावों से शिव पद, मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है। उन भावों से स्वर्ग पाना क्या कठिन है। जो दो किलोमीटर चल सकता है उसके लिए एक किलोमीटर चलने में क्या परेशानी है। सदैव - सदैव परम भाव भाना चाहिए कि एक दिन हम भी मोक्ष रूपी परम पद प्राप्त कर सके। जो थोड़े सुख की चाह रखता है वह थोड़े सुख में ही सीमित रह जाता है। हमने स्वर्गों व नरकों को भी जाना। अगर हम धर्म नहीं करेंगे तो निरंतर दुःख उठाते रहेंगे। धर्म के मार्ग पर एक-एक सीढ़ी बढ़कर मोक्ष पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि जीव तीर्थंकरों के पंचकल्याणक में भाग लेते हैं। अकृतिम चैत्यालय में स्वर्ग के देव पूजा करने जाते हैं। मिथ्या दृष्टि इंद्र कुल देवों की पूजा करते हैं। समोशरण में देवों की काफी संख्या होती है। वहां वे देवों की दिव्य वाणी सुनते हैं। स्वर्ग लोक में सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र, सनत कुमार, महेंद्र इंद्र निवास करते हैं। 16 स्वर्गों में 12 इंद्र विराजमान रहते हैं। 16 स्वर्गों के ऊपर 9 ग्रेवियक होते हैं 9 अनुदेश होते हैं। इस प्रकार 63 पटल होते हैं। इस लोक में हम अनादि काल से रमण कर रहे हैं। लेकिन हमने आत्म स्वरूप को आज तक नहीं पहचाना।

### चंचल लक्ष्मी का उपयोग दान में करना चाहिए : मुनि विश्व हित सागर

मुनि विश्व हित सागर महाराज ने कहाकि चंचल लक्ष्मी का उपयोग दान में करना चाहिए। दान देने से कर्मों की निर्जरा होती है। दान चार प्रकार का होता है। उसमें आहार दान का विशेष महत्व होता है। आहार दान से मुनियों के ससंग में रहने से कर्मों की निर्जरा होती है। 1650 में शिवाजी महाराज का दान का दृष्टांत भी विशेष महत्व रखता है। शिवाजी ने संपूर्ण राज्य अपने गुरु को दान दे दिया था। उन्होंने कहाकि करुण दान के अंतर्गत स्कूल, अस्पताल में दान देना चाहिए। जीवन में दान का विशेष महत्व रहता है। दान देने से हमारे अशुभ कर्मों की निर्जरा होती है।

# ऑटो पलटने से 10 घायल दो लोगों की हालत गंभीर

**बुधनी।** नेशनल हाइवे-46 पर गुरुवार शाम लगभग 6:30 बजे बगबाड़ा टोल प्लाजा के पास एक ऑटो हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि बुधनी से बरेली जा रहा यह ऑटो सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार करीब 8 से 10 लोग घायल हो गए। घायलों में कृष्ण मेहरा (11), रामनारायण (35) निवासी बकतरा, रुद्र (4), देव (8), मान्य (5) और भास्कर (6) सभी निवासी बरेली शामिल हैं। इनमें से रामनारायण और रुद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज बुधनी सिविल अस्पताल में जारी है।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कियाऔर घायलों को बाहर निकालकर एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस सेवा की मदद से सिविल अस्पताल बुधनी भेजा गया।



सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है।

## कुबेरेश्वरधाम पर चार नवंबर को भव्य हरि-हर मिलन महोत्सव का होगा आयोजन



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी चार नवंबर को भव्य हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा गोपाष्टमी को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में नियमित रूप से हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर पहुंच रहे है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती की। वहीं यहां पर नियमित रूप से सुबह बाबा के भोग के पश्चात निशुल्क रूप से भंडारे का क्रम आरंभ हो जाता है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसादी प्रदान की जाती है।

### कार्तिक माह में दीपदान का महत्व

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर कार्तिक माह में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दीपदान करते है, दीप प्रज्ज्वलित करना और दान का कार्तिक माह में काफी महत्व है। इसके अलावा धाम पर गुरुदेव के आदेशानुसार इस वर्ष भी 29 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव और चार नवंबर को भव्य हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सांसद से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से करवाया अवगत



**चापडा।** इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग कि बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल से खंडवा पहुंचकर मुलाकात की। पुरोहित ने बताया इन दिनों उक्त मार्ग काफी बदहाल है, खासकर कालीसिंध नदी पर एवं धन तलाव घाट पर आए दिन लगने वाले जाम से आमजन परेशान होते हैं।इन समस्याओं को लेकर पत्र भी सांसद को सौंपा गया। सांसद पाटिल ने कमिश्नर आशीष सिंह से इस विषय पर तत्काल चर्चा कर आगामी सिंहस्थको देखते हुए शीघ्रता से काम करवाने का कहां।इस दौरान सुनील पुरोहित, सुदीप पाठक सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फरार आरोपियों को पकड़ने इनाम की घोषणा

**देवास।** थाना बैंक नोट प्रेस के अपराध में फरार आरोपी दीपक पिता कमल चौहान निवासी ग्राम सिया की पतारसी/गिरफतारी हेतु पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा 2,000/-रूपये के नगद पुरस्कार की उद्घोषणा की गई। वही थाना बैंक नोट प्रेस के अपराध में फरार आरोपी शशिकांत पिता राणा झाला निवासी ग्राम टोंककला की पतारसी/गिरफतारी हेतु पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा 2,000/-रूपये के नगद पुरस्कार की उद्घोषणा की गई । सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा। सूचना देने हेतु पुलिस कंट्रोल रुम-7049125083 एवं थाना बैंक नोट प्रेस-8770716862 के नंबरों पर करे। थाना महिला थाना के अपराध में फरार आरोपी सुनिल पिता रामलाल मुनिया निवासी ग्राम हावली पेटलावद जिला झाबुआ की पतारसी/गिरफतारी हेतु पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा 2,000/-रूपये के नगद पुरस्कार की उद्घोषणा की गई । सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रहेगा।

### आपराधिक इतिहास रखने वालों से 10.70 लाख की राशि से करवाया बाउंड ओवर

# आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने ऑपरेशन पवित्र के तहत की कार्रवाई

### पुलिस ने अब तक कुल 5485 अनावेदकों को करवाया बाउंड ओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा ज़िले में 360 पुलिसिंग के अंतर्गत ₹ऑपरेशन पवित्र₹ की शुरुआत की गई है, जिसके तहत आसामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों को शांति कायम रखने हेतु अधिक से अधिक राशि से बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बाउंड ओवर किया जा रहा है एवं बाउंड ओवर अवधि में पुनःशांति भंग करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए आदतन बदमाशों से बाउण्ड राशि भरवाई जा रही है अथवा राशि ना भरने पर उन्हें जेल भेजा जा रहा है ।इसी कड़ी मे थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा अपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदक जगदिश पिता सिद्दनाथ पटेल उम्र 59 साल निवासी छोटा टिगरिया, बाबुलाल पिता सिताराम पटेल उम्र 76 साल निवासी सदर, दिनेश पिता सिद्दनाथ पटेल निवासी सदर ,जितेन्द्र पिता सागवान पटेल उम्र 50 साल निवासी लोहार पिपल्या, जगदिश पिता तेजराम पटेल उम्र 37 साल निवासी लोहार पिपल्या, शुभम पिता जितेन्द्र पटेल उम्र 25 साल निवासी सदर, रवि पिता कल्याण चौधरी उम्र 38 साल निवासी सदर, संजय पिता करण सिंह रावत उम्र 30 साल निवासी संजय नगर देवास, अजय मावले पिता मनोज भील उम्र 23 साल निवासी शांतिनगर देवास को 06 माह की अवधि के लिए 50-50 हजार की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया ।वही थाना नाहर दरवाजा पुलिस द्वारा अपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदक फेजान उर्फ चिंटू पिता सलीम उम्र 21 साल निवासी मीठा तालाब के सामने जोया कालोनी देवास, फरहान उर्फ बिट्टू पिता सलीम खान उम्र 22 साल निवासी जोया कालोनी देवास, अनिल चौधरी पिता अशोक चौधरी उम्र 35 साल निवासी राजोदा, राजेन्द्र चौधरी पिता अवोखीलाल चौधरी निवासी राजोदा, आशिक चौधरी पिता अनोखीलाल निवासी राजोदा, किशोर चौधरी पिता मांगीलाल चौधरी निवासी राजोदा, पवन पिता हरीचरण चौधरी निवासी राजोदा, सचिन पिता संतोष चौधरी ग्राम राजोदा को 06 माह की अवधि के लिये 50-50 हजार की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया ।साथ ही थाना सतवास पुलिस द्वारा अपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदक, जगदीश पिता प्रहलाद देशवाली उम्र 50 साल निवासी ग्राम पांगरी, हुकुम पिता प्रतापसिंह गुर्जर उम्र 52 साल निवासी पांगरी को 06 माह की अवधि के लिये 01-01 लाख की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया ।थाना उदयनगर पुलिस द्वारा अपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदक, रामलाल पिता हीरालाल कामले उम्र 60 साल निवासी ईमलीपुरा उदयनगर देवास, राजु पिता स्यामलाल कामले उम्र 40 साल निवासी ईमलीपुरा, लक्ष्मण पिता स्यामलाल उम्र 30 साल निवासी ईमलीपुरा, सोमला बाई पति रामलाल उम्र 58 साल निवासी ईमलीपुरा, अनिता बाई उर्फ झमकु बाई पति विजेश उम्र 35 साल निवासी ईमलीपुरा, राजेश पिता राधेश्याम कामले उम्र 39 साल निवासी ईमलीपुरा, माधुरी पिता राधेश्याम कर्मा उर्फ कामले उम्र 19 साल निवासी ईमलीपुरा, मगनबाई पति राधेश्याम कामले उम्र 53 साल निवासी ईमलीपुरा को 06 माह की अवधि के लिये 25-25 हजार की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया ।थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया,थाना प्रभारी उदयनगर अनिता सिंह,थाना प्रभारी सतवास मनोज कुमार सिंह,थाना प्रभारी नाहर दरवाजा मंजु यादव के द्वारा बताया गया कि अनावेदकगणों द्वारा आए दिन आमजन के साथ मारपीट कर लड़ाई झगड़ा कर अशांति फैलाई जा रही थी जिसके चलते इनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बीएनएसएस प्रावधानों के तहत फाइनल बाउण्ड ओवर आदेश कार्यपालक मजिस्ट्रेट न्यायालय से प्राप्त किए गए हैं ।एसपी गेहलोद ने बताया कि ₹ऑपरेशन पवित्र₹ का उद्देश्य जिले में जन सामान्य को आदतन अपराधियों से भय मुक्त रखना है । इसके तहत आपराधिक इतिहास वाले ऐसे बदमाशों को चिन्हित कर शांति क़ायम रखने हेतु बाउण्ड भरवाया जा रहा है जिनके चलते आम जन में भय बना रहता है और जिनके विरुद्ध जनता शिकायत करने से भी परहेज़ करती है । उक्त बदमाशों को चिन्हित कर फाइनल बाउण्ड ओवर करवाते हुवे सीधे राह चलने की सख़्त हिदायत दी जाती है एवं बाउण्ड की शर्तों का उल्लंघन करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे उनसे बाउण्ड की बड़ी धनराशि वसूली जाती है या उन्हें जेल भेजा दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि 01 नवम्बर 2024 से प्रारंभ ₹ऑपरेशन पवित्र₹ के तहत आज दिनांक तक कुल 5485 अनावेदकों के विरुद्ध बीएनएसएस प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाकर कुल 32,74,35,000/- की राशि से फायनल बाउण्ड ओवर किया गया है ।

# पाइपों में विस्फोटक रूप से पटाखे भरने व उनका विक्रय उपयोग करने पर लगा प्रतिबंध

### कलेक्टर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, देवास जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में तत्काल प्रभाव से लोहे एवं अन्य धातु के पाइपों में विस्फोटक रूप से पटाखे भरने एवं उनका विक्रय / उपयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज सिंह ने आदेश दिए हैं कि कोई भी



व्यक्ति / संस्था / व्यापारी प्रतिबंधित प्रकार के पटाखे , आतिशबाजी , धातु / पी.वी.सी के पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे ( कार्बाइड गन ) का निर्माण , विक्रय , भंडारण या उपयोग नहीं करेगा।

कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित प्रकार के पटाखे,आतिशबाजी, धातु / पी.वी.सी के पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे ( कार्बाइड गन ) की बिक्री नहीं करेगा , किसी अन्य को नहीं देगा और न ही उनका प्रदर्शन करेगा ।उल्लेखनीय हैं कि मध्यप्रदेश राज्य के अन्य जिलों में दीपावली पर्व के दौरान गैरा लाइटर , प्लास्टिक पाइप और कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग से बनी ₹ कार्बाइड गन ₹ के निर्माण और उपयोग से क ई व्यक्तियों की आँखों की रोशनी चले जाने के गंभीर विभिन्न स्त्रोतो / समाचार के माध्यम से प्राप्त हुए हैं । कार्बाइड गन में उपयोग होने वाला कार्बाइड और पानी का मिश्रण एसिटिलीन गैस उत्पन्न करता है , जो न केवल आँखों के लिए , बल्कि दिमाग और नर्वस सिस्टम के लिए भी अत्यंत घातक है , भविष्य में भी इसका उपयोग विवाह समारोह एवं अन्य सार्वजनिक / निजी आयोजनों में किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है , जिससे जन - धन की हानि का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। अतः जिले में आम नागरिकों की जान-माल,स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से इसके निर्माण, क्रय - विक्रय, उपयोग एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाना अत्यावश्यक है। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। अपने अनुभाग क्षेत्र में संबंधित एसडीएम / एसडीओ ( पी ) आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे ।

### स्कूल में दूसरी क्लास के मासूम ने चक्कर आने के बाद गंवाई जान



**देवास।** शहर के कालानी बाग क्षेत्र में संचालित ज्ञानसागर इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दूसरी के मासूम छात्र की सांसें शुक्रवार को उस समय टूट गईं जब बैठे-बैठे उसे अचानक चक्कर आए। स्कूल स्टाफ छात्र को लेकर तुरंत निजी अस्पताल पहुंचा, यहां ईसीजी करने के बाद जिला अस्पताल ले जाने के लिए कहा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया।स्वजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। जानकारी अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर की है। रामनगर निवासी आठ वर्षीय लक्ष्य पुत्र अंकुर जैन अन्य बच्चों के साथ गेम्स पीरियड में खेलने के बाद बैठा था। योगा व ध्यान की तैयारी की जा रही थी, इसी दौरान उसे चक्कर आए और वो नीचे गिरने लगा, पास ही मौजूद शिक्षिका ने उसे संभाला। इसके बाद स्वजनों को सूचना दी गई और बच्चे को लेकर निजी अस्पताल के लिए रवाना हो गए।बताया जा रहा है कि बालक हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित था और उसका उपचार भी चल रहा था। बालक की मौत से स्टाफ स्तब्ध रह गया। शोक स्वरूप शनिवार को स्कूल का अवकाश रखा गया।

### आज गौतम आश्रम में अन्नकूट व दीपावली मिलन समारोह, स्वास्थ्य परीक्षण व प्रतिभा सम्मान होगा

**देवास।** गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा एवं उत्सव समिति द्वारा आज 26 अक्टूबर, रविवार को मनाया जाएगा समाज जनों का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महा प्रसादी का आयोजन होगा। उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि व्यास ने बताया कि प्रति वर्षानुसार दीपावली मिलन समारोह में 26 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक समस्त ब्राह्मण समाज जनों के स्वास्थ परीक्षण का आयोजन रखा गया है। जिसमें ऑर्थोपिडिक सर्जन, गायनेकोलॉजिस्ट, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ एम डी डॉक्टर, स्पाइन विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण किया जाएगा। साथ ही निरोगी जीवन के लिए शुद्ध पानी का महत्व पर मार्गदर्शन दिया जाएगा, दोप 4 बजे महिला सभा द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, शाम 7 बजे भगवान महर्षि गौतम जी को छप्पन भोग का नैवेद्य एवं महा आरती का आयोजन होगा। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य एवं ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी के विशेष आतिथ्य में प्रतिभाओं का सम्मान होगा। तत्पश्चात अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# उपलब्धि: माही ने ओमान में आयोजित सेलिंग चैंपियनशिप में लहराया भारत का परचम





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर की माही वर्मा ने ओमान में हुई मुसनाह रेस वीक सेलिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। बचपन से समंदर को साथी मानने वाली माही ने जिले का नाम देश में रोशन किया।माही वर्मा ने ओमान में सेलिंग स्पर्धा में ब्रांज मेडल जीतकर शहर का नाम बढ़ाया। ओमान में 15 से 21 अक्टूबर तक मुसनाह रेस वीक आयोजित हुआ। इसमें माही ने सेलिंग में इल्का फॉर गर्ल्स श्रेणी में ब्रांड मेडल पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने के बाद माही गुरुवार को अपने घर देवास पहुंची, जहां उनका परिवार ने समान किया।माही पांच साल की उम्र से ही स्वीमिंग की बारीकियां सीखने लग गई थी। साल 2022 में चयन के बाद माही भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। माही ने बताया कि भोपाल के कोच नरेंद्र सिंह राजपूत, जीएल यादव और अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में वे प्रतियोगिता में शामिल हुई।

# मल्टीलेवल मार्केटिंग के नाम पर की धोखाधड़ी 'यूनिवर्सल यूपीआई' ऐप से लगाया चुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में मल्टीलेवल मार्केटिंग के नाम पर कई लोगों से धोखाधड़ी हुई है। एक मोबाइल दुकान संचालक के माध्यम से कई लोगों ने एक ऐप में पैसे लगाए थे, लेकिन भुगतान नहीं मिलने पर शुक्रवार को उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पीड़ित सुनील पटेल ने बताया कि 'यूनिवर्सल यूपीआई' नामक एप्लिकेशन में कई लोगों से पैसे लगवाए गए।

शहर के एक मोबाइल बाजार दुकान संचालक ने इन लोगों को इस ऐप से जोड़ा था। पटेल के अनुसार, लगभग 40 लोग इस कंपनी से जुड़े थे और प्रत्येक व्यक्ति ने 2300 रुपए जमा किए थे।पीड़ितों को बताया गया था कि ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद 'लाइक' करने पर उन्हें पैसे मिलेंगे। हालांकि, जब उन्होंने भुगतान निकालने की कोशिश की, तो पैसे नहीं निकल पाए। अधिकांश लोगों ने 19 अक्टूबर को यह एप्लिकेशन जॉइन की थी। कुछ लोगों ने दो से तीन दिन में इस स्कीम के तहत 60 से 70 हजार रुपए तक जमा करवाए थे।एक अन्य पीड़ित अनिता सिंह ने बताया कि सनसिटी 2 में रिचार्ज करवाने के दौरान रत्नेश मिश्रा नाम के व्यक्ति ने उन्हें यह स्कीम बताई थी।

मिश्रा ने उन्हें बताया कि थोड़े पैसे लगाने पर प्रतिदिन 10 लाइक करने के बदले घर बैठे पैसे मिलेंगे। विश्वास में आकर अनिता ने अपने घर से 6500 रुपए लगाए थे।औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने पुष्टि की कि सनसिटी कॉलोनी 2 के कुछ लोगों ने साइबर धोखाधड़ी की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि लोगों को मूवी की रेटिंग बढ़ाने और लाइक करने का टास्क दिया गया था, जिसके बदले पैसे और कमीशन का लालच दिया गया। इस लालच में प्रति व्यक्ति से 2300 रुपए जमा करवाए गए। पुलिस को आवेदन प्राप्त हुए हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस मास्टरमाइंड की जानकारी जुटा रही है।

### आयुक्त ने किया वार्डों की सफाई कार्य व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण

# अनुपस्थित सफाई कर्मचारी की सेवा समाप्त करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा शहर की सफाई कार्य व्यवस्थाओ का सतत रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण मे कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले दरोगाओं के साथ ही हाजरी लगाकर काम नही करने वाले सफाई कर्मियों एवं लंबे समय से कार्य से अनुपस्थित कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को दिए गए है।

### सुबह 7.30 बजे पहुंचे फील्ड पर, सेवा समाप्त करने दिए निर्देश

आयुक्त दलीप कुमार शनिवार सुबह 7.30 बजे फील्ड पर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने शहर के वार्ड क्रमांक 17, 18, 19 एवं 21 मे सफाई व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। वार्ड 17 मे सोनिया गांधी नगर, दिग्गीराजा नगर मे कचरा पाईंट पाए जाने पर दरोगा को मौके पर सख्त निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों मे कचरा सार्वजनिक स्थानों पर नही पाया जाना चाहिए। अन्यथा आगामी निरीक्षण मे कार्यवाही की जाएगी। इसी वार्ड मे लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले एक सफाई



मित्र की सेवा समाप्त करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को मौके पर दिए।

### कचरा फेंकने वालों को करे चिन्हित

आयुक्त द्वारा वार्ड 18 मे स्थित बावडीया मे निरीक्षण के दौरान अमर नामक व्यक्ति द्वारा अपने घर के नजदीक ही सार्वजनिक स्थान पर घर का कचरा फेंककर गंदगी फैलाने पर आयुक्त कुमार ने 5 सौ रूपये की चालानी कार्यवाही करने निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी व एसआई को दिए। आयुक्त द्वारा वार्ड 19 ढांचा भवन मे सरस्वती स्कूल के पास खुले प्लाटों पर स्थानीय लोगों द्वारा कचरा फैंका गया था, जिस पर आयुक्त ने निर्देश दिए कि उन्हें चिन्हित कर उन पर चालानी कार्यवाही करे। साथ ही संबंधित प्लाट मालिकों को सूचना पत्र जारी करें कि वे अपने प्लाट पर फेंसिंग करें।

### आधार आधारित अटेंडेंस पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा शासन द्वारा निर्धारित आधार बैस अटेन्डेंस की उपस्थिति की जांच वार्ड दरोगाओं से ली गई तथा निर्देशित किया गया कि जो कर्मचारी हाजरी लगाने के पश्चात सौंपा कार्य नहीं करते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। वार्ड 21 के दरोगा भरत द्वारा कार्य मे लापरवाही करने, सफाई व्यवस्था मे प्रभावी नियंत्रण नही रखने पर नोटिस जारी करने निर्देश दिए।

### तय समयावधि मे हो कचरा संग्रहण

आयुक्त द्वारा इन वार्डो मे घरों घर कचरा संग्रहण वाहनों का मौका निरीक्षण किया गया। वाहनों पर चालक व हेल्पर को सख्त निर्देश जारी किए गए कि निश्चित समयावधि मे पूरे वार्ड के घरों से कचरा संग्रहित करें। आयुक्त के निरीक्षण मे निगम स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार व वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

# बस सेवा बंद होने से यात्रियों को परेशानी, मांग जल्द हो शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

अटल सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी की इंदौर-राधौगढ़, चापड़ा, हाटपिपल्या और सतवास मार्ग की बसें बंद होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इस समस्या को लेकर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सीईओ अर्थ जैन को ज्ञापन सौंपा। पुरोहित ने बताया कि बस सेवाएँ, जिनमें मां एसोसिएट की बसें भी शामिल हैं, बंद हो चुकी हैं। बस सेवा पुनः शुरू करने को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी दो से तीन महीनों में नई सीएनजी बसें आने वाली हैं, जिनके संचालन के साथ बस सेवाएँ फिर से शुरू की जाएंगी। पुरोहित ने बताया कि महापौर और सीईओ जैन ने बसों को शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने रतनपुर, पिपरी, उदयनगर और पुंजापुरा जैसे दूरस्थ आदिवासी अंचलों को जोड़ने के लिए नए बस रूट शुरू करने की भी मांग की। इस अवसर पर ललित यादव, सुदीप पाठक, यश सेनी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एक निरीक्षक व छह उप निरीक्षकों के क्षेत्र बदले

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए ने एक निरीक्षक व छह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस विभाग से जारी सूची के अनुसार निरीक्षक राजीव कुमार वैश को प्रभारी निरीक्षक नाराहट से प्रभारी निरीक्षक जखौरा, उ.नि.पारूल चन्देल को थानाध्यक्ष सौजना से थानाध्यक्ष नाराहट, उ.नि. अजय पाल को थाना सौजना से थानाध्यक्ष सौजना, उ.नि.वरूण कुमार गौतम को थाना सौजना से थानाध्यक्ष बालाबेहट, उ.नि.अनीता देवी को महिला थाना ललितपुर से थानाध्यक्ष महिला थाना ललितपुर, उ.नि.अजीत सिंह को थानाध्यक्ष बालाबेहट से पुलिस लाईन (गैर जनपद स्थानान्तरण पर कार्यमुक्त के लिए) व उ.नि. स्वाति शुक्ला को थानाध्यक्ष महिला थाना ललितपुर से पुलिस लाईन (गैर जनपद स्थानान्तरण पर कार्यमुक्त हेतु) भेजा गया है।

### दुकान में तोड़फोड़ कर कर्मचारी से की मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला नदीपुरा में रहने वाले खालिद खान उर्फ समीर पुत्र नबाव खान ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह घण्टाघर के पास स्थित मयंक इलैक्ट्रॉनिक्स पर कार्यरत है। बताया कि 14 अक्टूबर को रात करीब 8.40 बजे दुकान पर था। तभी तालाबपुरा निवासी समीर, सोहिल, अयान उर्फ अन्नू पुत्रगण हारून खान अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर उसकी दुकान पर आये और अभद्र भाषा में गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारपीट कर दी। हमले के दौरान उसे हाथ व शरीर में चोटें आयीं। दुकान पर मौजूद स्टाफ ने जब बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी। पुलिस को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये दुकान में तोडफ़ोड़ करके भाग गये। पूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर फआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बर्तन खरीदने गई महिला का पेंडल चोरी

**ललितपुर।** सिद्धंनपुरा निवासी हेमकुंवर पत्नी स्व.मनोहरसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 18 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे वह अपने पुत्र नितिन के साथ सराफा की दुकान से सोने का पेण्डिल लेकर पहले रसिया बैग की दुकान पर गयी, इसके बाद कटरा बाजार स्थित वर्तन की दुकान पर पहुंची, जहां उसने वर्तन खरीदे। आरोप है कि इसी दौरान उसके बैग से सोने का पेण्डिल चोरी हो गया, जो कि वर्तन वाले की दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है, जिसमें दो नकाबपोश औरतें उसे घेरकर उलझाकर सोने का पेण्डिल चोरी कर ले गयीं। मामले की सूचना पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर भी दर्ज करायी थी। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग।

---

दीपावली अवकाश पर अंधेरे में हुई खुदाई से बढ़ा संदेह

# विरधा में 124 वर्ष पुराना इन्सपेक्शन हाउस ध्वस्त करने का मामला गरमाया

### अधिवक्ता संवाद ने की जांच व एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के विकास खण्ड विरधा में स्थित लगभग 124 वर्ष पुराना ऐतिहासिक बिरधा इन्सपेक्शन हाउस (ए.डी.1901) दीपावली अवकाश के दौरान रात्रि में गुप्त रूप से ध्वस्त कर दिया गया। अब यह मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है, ग्रामीणों के अनुसार, विध्वंस के बाद स्थल पर कई फीट गहरी खुदाई भी की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। यह इमारत ब्रिटिशकालीन दौर में पी.डब्ल्यू.डी. अधिकारियों का विश्रामगृह और अदालती कार्यवाही स्थल रही थी। अपनी विशेष इण्डो-गॉथिक स्थापत्य शैली, लाल व श्वेत बलुआ पत्थरों की कलाकारी और ऐतिहासिक महत्व के कारण यह भवन क्षेत्र की पहचान बन चुका था। स्थानीय जनता इसे स्नेहपूर्वक अंग्रेजी बंगला कहते थे। गोपनीय तरीके से विध्वंस, संदेह गहराया ग्रामीणों के अनुसार, दीपावली अवकाश का लाभ उठाकर यह कार्रवाई रात के अंधेरे में भारी मशीनों से कराई गई और मलबा तुरंत हटा दिया गया। घटना के बाद खुदाई किए जाने से यह शक और गहरा गया है कि कहीं खजाना या किसी पुरातात्विक वस्तु की खोज इसका कारण तो नहीं थी। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ जिला पंचायत से जुड़े सदस्य, अधिकारी व कर्मचारियों की सांठगांठ में यह कदम उठाया गया, ताकि किसी प्रत्यक्षदर्शी को सूचना न मिल सके। बाद में यह प्रचार किया गया कि भवन गुलामी की निशानी था, जबकि विशेषज्ञों ने इस तर्क को भ्रामक बताया है।



#### कानूनी उल्लंघन और संवैधानिक प्रश्न

ग्रामीणों और समाजसेवियों ने जिलाधिकारी ललितपुर को ज्ञापन देकर इस अवैध विध्वंस पर गहरी आपत्ति जताई है। उनके अनुसार, यह कार्रवाई निम्न प्रमुख कानूनों का उल्लंघन है, जिनमें प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व अधिनियम, 1958 इसमें 100 वर्ष या उससे पुरानी इमारत को बिना अनुमति ध्वस्त करना दंडनीय अपराध है। उत्तर प्रदेश जिला पंचायत (संपत्ति प्रबंधन एवं नियंत्रण) नियमावली, 1994 धारा 24 एवं 26 में स्पष्ट है कि अधिशासी अधिकारी की लिखित अनुमति और जिला पंचायत की स्वीकृति के बिना कोई भी संपत्ति न तो तोड़ी जा सकती है, न पुनर्निर्मित। उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम किसी भवन के ध्वंस या भूमि उपयोग परिवर्तन हेतु जिला पंचायत में प्रस्ताव पारित होना अनिवार्य है।

#### शासनादेश में क्या है व्यवस्था

अधिवक्ता संवाद के संयोजक मुकेश लोधी ने बताया कि शासनादेश संख्या 22/33-3-2022-2401/2021 के अनुसार, किसी पंचायत भवन को जर्जर घोषित कर विध्वंस करने से पूर्व तकनीकी निरीक्षण, विभागीय अनुशंसा, प्रशासनिक अनुमति, सार्वजनिक सूचना एवं रिकार्ड संधारण आवश्यक है। किन्तु बिरधा इन्सपेक्शन हाउस के मामले में सभी प्रक्रियाएं दरकिनार की गईं। जांच एवं कार्रवाई की मांग करते हुए अधिवक्ता संवाद के सदस्यों और इतिहास प्रेमी नागरिकों ने जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में निम्न मांगें रखी हैं, जिसमें घटना की उच्चस्तरीय विशेष जांच समिति गठित की जाए जिसमें पुरातत्व विभाग, राज्य विरासत संरक्षण समिति, तकनीकी विशेषज्ञ और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हों। सभी संलिप्त अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं ठेकेदारों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए।

#### दो दिन में एफआईआर दर्ज करने की मांग

दो दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता, प्राचीन स्मारक अधिनियम एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई हो। राज्य पुरातत्व विभाग से स्थल की वैज्ञानिक खुदाई रिपोर्ट कराई जाए ताकि किसी भी पुरावशेष की चोरी या क्षति की पुष्टि हो सके। जनपद की सभी ऐतिहासिक इमारतों की सूची बनाकर उन्हें स्थानीय विरासत स्थल घोषित किया जाए।

#### यह सिर्फ इमारत नहीं इतिहास का अपमान है

स्थानीय समाजसेवियों ने कहा कि यह घटना केवल एक पुरानी इमारत को तोडऩे की नहीं, बल्कि इतिहास और संस्कृति के प्रति प्रशासनिक असंवेदनशीलता का उदाहरण है। जहां देशभर में ब्रिटिशकालीन संरचनाएं आज भी सरकारी उपयोग में हैं, जिसमें इलाहाबाद का सर्किट हाउस, लखनऊ रेजीडेंसी और आगरा किला, वहीं ललितपुर में इस तरह की अनैतिक कार्रवाइयां जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाती हैं। प्रशासनिक स्तर पर सन्नाटा कई सवाल छुपता है। घटना के कई दिन बाद तक न तो किसी अधिकारी की जवाबदेही तय हुई है और न कोई औपचारिक जांच आरंभ की गई। सूत्रों के अनुसार जिलाधिकारी ललितपुर ने अब मामले का संज्ञान लेकर रिपोर्ट तलब की है तथा संबंधित विभागों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

#### मुख्यमंत्री व संस्कृति विभाग तक भेजी गईं शिकायतें

इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपियां मुख्यमंत्री कार्यालय, संस्कृति विभाग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (रस्ढ्ढ), राज्य पुरातत्व विभाग, झांसी मंडल आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ललितपुर सहित 12 विभागों को भेजी गई हैं। अधिवक्ता संवाद का ज्ञापन आज अधिवक्ता संवाद संगठन द्वारा जिलाधिकारी ललितपुर एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को विस्तृत ज्ञापन भेजा गया, जिसमें इस ऐतिहासिक भवन के अवैध ध्वंस की कठोर निंदा करते हुए तत्काल जांच, एफ.आई.आर., तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

#### इन अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हुए ज्ञापन पर

ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त किये जाने पर कार्यवाही के लिए दिये गये ज्ञापन पर वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., मुकेश लोधी एड. (जिला संयोजक, अधिवक्ता संवाद), जानकीप्रसाद बौद्ध एड., महेंद्र पाराशर एड., रविन्द्र प्रताप घोष एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., शेर सिंह यादव एड., स्वतंत्र व्यास एड., विकास झा एड., हरीश अग्रवाल एड., सुरेंद्र सिंह लोधी एड., रोहित कुशवाहा एड., विजयनारायण गोस्वामी एड., बलराम कुशवाहा एड. एवं अन्य अधिवक्ता गण। न्यायिक जगत और सामाजिक संगठनों ने शासन से मांग की है कि इस घटना को उदाहरण बनाते हुए ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा हेतु स्थायी नीति लागू की जाए।

---

पुलिस ने दोनों को पकड़ा

# ढाबा से शराब बेचने का मना किया तो पत्रकार पर हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

घर के ठीक सामने संचालित हो रहे ढ़ाबे पर अवैध तरीके से शराब बेचने के साथ-साथ अन्य अनैतिक गतिविधियों को संचालित करने का आरोप लगाते हुये पत्रकार संभव सिंघई ने एक शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। पत्र में यह भी आरोप लगाया कि ढ़ाबा संचालक ने अपने रिश्तेदार व साथी के साथ एकराय होकर उसे रास्ते में रोकते हुये गालियां दी और मना करने पर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है। देवगढ़ रोड सिविल लाइन निवासी पत्रकार संभव सिंघई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की सुबह वह मंदिर जाने के लिए जैसे ही घर से निकलकर परमानन्द तिवारी के घर के आगे पहुंचा ही था। तभी घर के ठीक सामने ढाबा खोले सुधीर अग्रवाल अपने साले विक्की व एक अज्ञात साथी के साथ मिला और गालियां देने लगा। जब गालियां देने का विरोध किया तो सुधीर अग्रवाल ने कहा कि वह उसके कारण ढ़ाबे से शराब नहीं बेच पा रहा है, जिसके चलते उसे प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। इस पर पत्रकार ने शराब न बेचने की बात कही तो सुधीर अग्रवाल ने आग-बबूला होकर अपने साले व अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने सुधीर अग्रवाल, साला विक्की व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दोनों हमलावरों को हिरासत में ले लिया है।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट अंतर्गत गैंदोरा निवासी बबलू पुत्र पन्नालाल ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका भतीजा राजीव कुमार पुत्र वीरन प्रजापति बीती 21 अक्टूबर को अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.जे. 7613 से ग्राम मड़वारी जा रहा था। वह जैसे ही कालापहाड़ मुख्य रोड स्थित शंकरजी मंदिर के पास पहुंचा ही था कि तभी ललितपुर की ओर से तेज गति में आ रही हुण्डई कार नं. यू.पी.94 ए.ई. 8873 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसे टक्कर मार दी, जिससे राजीव के दांये पैर व कुली के अलावा शरीर में चोटें आयीं और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना को कालापहाड़ निवीस कदम सिंह पुत्र मेहताबसिंह, गैंदोरा निवासी रघुवीरसिंह पुत्र हन्ने व नीरज पुत्र भगवत ने देखा। घायल राजीव को कालापहाड़ निवासी भवानी सिंह अपनी बुलैरो कार से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार किया गया। वहीं घटना को अंजाम देकर कार चालक व उसके परिजन अस्पताल से भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# जिला पंचायत की जमीन से अवैध मजार ध्वस्त हो

जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बजरंग सेना संगठन ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत बिरधा में जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें उसी जमीन पर एक वर्ग विशेष द्वारा अवैध मजार का निर्माण कब्जे के तौर पर किया गया है जिसको जिला पंचायत विभाग द्वारा नहीं हटाया गया है इस प्रकरण में समस्त आम जनमानस के साथ सभी हिंदूवादी सनातनी संगठनों में काफी रोष उत्पन्न है और काफी आक्रोश है।

जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश कि प्रदेश से अवैध मजार मस्जिदें हटाई जाए इसका जिला पंचायत ललितपुर पर कोई असर नहीं दिख रहा है जिला प्रशासन द्वारा इसे दरनिकार किया जा रहा है जिला महासचिव जयराम सेन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द इस अवैध निर्माण को हटाया जाए। बजरंग सेना संगठन ने जिलाधिकारी से निवेदन करते हुए इस अवैध मजार को हटाने के आदेश पारित कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में बताया कि किसी भी परिस्थिति में शासन प्रशासन द्वारा यह अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो बजरंग सेना संगठन द्वारा एक उग्र विशाल आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर,जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी, जिला संयोजक ख़ुसाल समैया, नगर अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक,जिला उपाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी पंडा,जिला महासचिव जयराम सेन,जिला संगठन मंत्री संजू सेन बुढ़वार,जिला संगठन महामंत्री संजय सिंह लोधी,तहसील अध्यक्ष मोनू तिवारी टोरिया,जिला प्रचार प्रसार मंत्री दीपेश उपाध्याय,नगर महासचिव सतीश तिवारी,अनुराग पटेरिया,जय कुमार पंथ,कमलेश पंथ,रमेश कुशवाहा,कल्याण कुशवाहा डोगरा खुर्द, तख़त कुशवाहा डोगरा,आदि सभी सदस्यगण मौजूद रहे।



---

कोतवाली सदर का निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश

# महिला, बच्चियों को महिला अपराध से जागरुक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

एसपी ने कार्यालय/मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रख-रखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिये। साथ ही मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से कॉलेजों, स्कूलों आदि जगहों पर जाकर महिलाओं/बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरश अनुपालन कराया जाये। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत, प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि की पेट्रोलिंग/पिकेट के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करते हुये चैकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



---

### पांच नवंबर को मनाया जाएगा गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व

**ललितपुर।** श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीगुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व 5 नवंबर दिन बुधवार को श्रद्धा भावना व उत्साह के साथ गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में मनाया जा रहा हैं, जिसमें 11 दिवसीय कार्यक्रम होगें कल 26 अक्टूबर से सुबह 7 बजे से स्त्री साघ संगत द्वारा श्रीसुखमणि साहिब व नितनेम साहिबजी के पाठ प्रारंभ होंगे, जिसका समापन 1 नवंबर को होगा, 1 नवंबर से 5 नवंबर तक श्री अखंड पाठ साहिबजी व 2 नवंबर को सुबह 5.30 बजे से गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से प्रभात फेरी आरंभ होगी, जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में समापन होगा। 4 से 5 नवंबर तक सवेरे शाम हजूर साहब नांदेड से पधार रहे ज्ञानी गुरबचन सिंहजी का रागी जत्था कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल करेगा। 4 नवंबर को श्रीनिशान साहिबजी के चोले की सेवा भी होगी। सभी कार्यक्रमों में सवेरे शाम लंगर की चाय नाश्ते की सेवा भी नत्य चलती रहेगी।

### जांच का इंतजार कर रहा इंटेक चैप्टर

**ललितपुर।** इंटैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा जनपद अनमोल विरासतों से संबंधित है तथा प्रदेश में दूसरे नंबर पर है यहां की विरासत को बचाने हेतु जनपद के हर नागरिक को सजग रहना होगा तभी हम पूर्वजों की विरासतों को बचाने हेतु सफल हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन जीणोद्धार पर होने वाले व्यय को बहन करने को तैयार है तो दिल्ली से इंटैक विरासत विशेषज्ञों की टीम बुलाकर सर्वे एवं बदहाल स्थिति में स्थित विरासत स्थलों के जीर्णोद्धार को इंटैक ललितपुर चैप्टर तैयार है। इस दिशा में देश के अनेक शहरों में इंटैक ने शानदार कार्य किया है।

---

सरदार पटेल की 150वीं जयंती व एक भारत आत्मनिर्भर भारत को लेकर भाजपा की बैठक हुई

# पटेल की जयंती पर कई कार्यक्रम करने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की ललितपुर इकाई ने उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे लोह पुरुष सरदार पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती समारोह अभियान एक भारत आत्मनिर्भर भारत बिषय को लेकर जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मा जमुना प्रसाद कुशवाहा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम जिला संयोजक धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र ने कहा कि आज इस बर्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की एक सौ पचासवीं जयंती समारोह मनाये जाने की तैयारियों को लेकर जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया है।





इस अवसर पर उनकी एक सौ पचासवीं जन्मजयंती समारोह के अवसर पर लगातार कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हम लोग सत्ताईस अक्टूबर को युवा सम्मेलन, अट्ठाईस अक्टूबर को महिला सम्मेलन, इक्कतीस अक्टूबर को रन फार यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इसके अलावा जिले भर के सभी दस सौ तिरेसठ बूथों पर भारतीय जनता पार्टी की बूथ इकाईयों द्वारा सरदार पटैल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जन्मजयंती मनायी जायेगी। इसके अलावा विद्यालयों में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा में विधानसभावार एक ,आठ किलोमीटर तक की यात्रा निकाली जायेगी जिसमें हर दो किमी के बाद पड़ाव होगा जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ समाज के हर वर्ग और छात्रों की भी सहभागिता होगी ।इन कार्यक्रमों के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं को प्रभारी,सह प्रभारी वनाकर दायित्व सोंपे गये हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पूर्व जिला अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के लिए लोकसभा झांसी का संयोजक प्रदीप सरावगी एवं सहसंयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों में मण्डल स्तर पर प्रतियोगात्मक सर्जन होना चाहिए ताकि वे एक दूसरे से आगे बढ़ने की चेष्टा में और भी अच्छे ढंग से कार्यक्रम कर सकें। उन्होंने आयोजित होने बाली यात्राओं को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल जी के उच्च क्रिया कलापों से राष्ट्र ने उन्हें पहले सरदार और फिर लोहपुरुष की भी उपाधि दी गई है। उन्होंने भारत की समस्त रियासतों का एकीकरण का काम किया।

अन्त में मुख्य अतिथि उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष जमुना प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सरदार पटेल हमारे देश के गौरव है । गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मा नरेंद्र मोदी जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की विशालकाय प्रतिमा निर्माण का सपना देखा था जो कि मोदी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में सन् दो हजार अठारह में पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में चिन्हित लोगों का महिमा मंडन किया और बहुत से महापुरुषों की अपेक्षा की लेकिन भारतीय जनता पार्टी इतिहास के पन्नों से इन महापुरुषों को राष्ट्रीय महा फलक पर महिमा मंडन करने और विस्तार देने का काम किया है और इसी श्रृंखला में हम लोग हर बरस लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन को धूमधाम से मनाते हैं और पुण्य तिथि पर समारोह कर याद करने का कार्य करते हैं। अन्त में कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री बलराम सिंह लोधी जी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी एड,जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, हरी सिंह बुंदेला आदि मौजूद रहे।

### गिरफ्तारी वारंटी को अस्पताल की जगह ऑटो से पहुंचाया घर

# गिरफ्तारी के चंद घंटों में जिला बदर वारंटी की मौत ! कार्रवाई पर प्रश्नचिंह

## थाना प्रभारी बोले - जुलाई में जारी हुआ था बंटी का वारंट, शुक्रवार को होनी थी आरोपी की पेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शुक्रवार को ब्यावरा शहर के प्रसिद्ध बिहारीजी मंदिर के पास से सिटी थाना ब्यावरा पुलिस ने सुबह 6 बजे कई दिनों से फरार चल रहे आरोपी बंटी सक्सेना को उसके घर से पकड़ लिया। जिस समय आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस घर पहुंची उस समय आरोपी की बुजुर्ग 65 वर्षीय मां घर में मौजूद थी। बेटे को पकड़ने जैसे ही पुलिस घर पहुंची तो मां देखकर घबरा गई और पुलिस ने बिना मां को कुछ बताए शकुशल बंटी को पुलिस थाने लेकर आ गई। उसके बाद ब्यावरा सिटी थाने में क्या हुआ जिसके चलते वारंटी बंटी को संदिग्ध हालात में घर पहुंचाना पड़ा। परिवार की कमजोर स्थिती के कारण वह पुलिस के दबाव में नजर आ रहे हैं और सच बात कहने से भी कतरा रहे हैं।

अब देखना यह है कि क्या पुलिस स्वयं सीसीटीवी निकलवा कर पीड़ित को जीवित घर पहुंचाने तक के प्रमाण परिजनों को दे सकती है। वहीं सिटी थाना प्रभारी बीरेन्द्र धाकड़ का कहना है कि वारंटी की हालात बिगड़ने पर हमने एहतियात के तौर पर ऑटो में बैठाकर सुरक्षित घर पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि जिला बदर की कार्रवाई भी इस पर हो चुकी है और जुलाई में इसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था जिसकी पेशी शुक्रवार को होनी थी इसी सिलसिले में इसको लाया गया था, परंतु जैसे ही बीमारी और भोपाल अस्पताल की दवाई चलने की बात सामने आई तो हमने इसको मानवीय आधार पर घर पहुंचाया।

### ऑटो से घर छोड़ने पहुंची पुलिस

जब बंटी की तबीयत थाने में अचानक खराब हो गई थी तो पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाने की जगह घर छोड़ दिया। हो सकता है उसे समय से इलाज मिल जाता तो शायद उस बूढ़ी मां का बेटा आज जिंदा होता। ऑटो से छोड़ने गए पुलिस के जवान जब उसे लटकाकर घर के बाहर छोड़कर जा रहे थे जब आसपास के लोगों ने बंटी को इस हालत में छोड़कर जाने वाले पुलिस के जवानों से सवाल किया तो उन्होंने नशे का आदि बताकर अपना बचाव करते हुए वहां से निकल लिए।

### घर में ही नर्स ने चेक किया तो हो चुकी थी बंटी की मौत

पुलिस द्वारा बंटी को घर छोड़ने के बाद उनकी चाची जो कि स्वयं नर्स है उन्होंने बंटी का बीपी और पल्स चेक किए तो पता चला की बंटी की मौत हो चुकी है। जैसे ही परिवार वालों ने बंटी की मौत का जिक्र मोहल्ले और आसपास के लोगों से किया तो पुलिस ने तत्काल बंटी के घर पहुंच कर नगर पालिका ब्यावरा से शव वाहन बुलवा कर तत्काल शव को सिविल अस्पताल ब्यावरा मर्चुरी में भिजवा दिया। मर्चुरी में कार्यपालिका मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार विनय रजक ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा बनाकर बयान दर्ज किए।

### पूर्व विधायक दांगी का आरोप पुलिस कस्टडी में बंटी मौत

पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी पहले शासकीय अस्पताल ब्यावरा पहुंचे और वहां से सीधे सिटी पुलिस थाना ब्यावरा पहुंच गए। थाने पहुंचकर एसडीओपी प्रकाश शर्मा से बात कर पुलिस पर बंटी की मौत का पुलिस कस्टडी में मौत का आरोप लगाया। और मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैं बंटी के परिजनों को लेकर एसपी से मिलूंगा अगर वहां सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित को न्याय दिलाने भोपाल तक जाऊंगा।

# जिला पंचायत सीईओ ने 19 अधिकारी और कर्मचारियों का वेतन काटा

## जल संचय, जनभागीदारी अभियान में लापरवाही पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में एक बगिया मां के नाम, जल संचय एवं जन भागीदारी अभियान को लेकर जिला पंचायत सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने उक्त अभियानों में लापरवाही बरते जाने पर 19 अधिकारी, कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं।

अभियान अंतर्गत खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गढ़पाले ने 3 सहायक यंत्री, 3 अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व 13 उपयंत्रियों पर यह कार्यक्रम की है। इनमें सहायक यंत्री जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जीरापुर गोपाल सिंह किरार, सहायक यंत्री जनपद पंचायत राजगढ़ मेहताब सिंह अहिरवार व सहायक यंत्री जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ शैतन सिंह शामिल हैं। इसी प्रकार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर एवं जीरापुर ललित कुमार दुबे, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत राजगढ़ दीपक यादव व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ मांगीलाल दांगी शामिल हैं।

### इन 13 इंजीनियरों का भी काटा गया वेतन

इसके साथ ही जिन 13 इंजीनियरों का वेतन काटा गया है उनमें जनपद ब्यावरा के सुनील कुमार मण्डलोई, विवेक ललित, अजय परमार, दिलीप कनाडे, जनपद खिलचीपुर के पंकज सिंह, जनपद नरसिंहगढ़ के राहुल मेशराम, प्रशांत शर्मा, सुश्री निशा बनवाले, जनपद राजगढ के सुरेश सुमन, जनपद सारंगपुर के सत्यप्रकाश शर्मा, दिवाकर दुबे, अनिल कुमार जालोन तथा जनपद जीरापुर के अनिल शिवहरे शामिल हैं।

### शहर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

*नरसिंहगढ़। शुक्रवार को शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला सूरजपोल क्षेत्र का है, जहां निवासी अरविंद मिश्रा अपने घर में अकेले रहते थे। शुक्रवार को जब टिफिन वाला रोज की तरह खाना देने पहुंचा तो उसने कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसने मोहल्लेवासियों को सूचना दी। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर देखा तो अरविंद मिश्रा मृत अवस्था में पाए गए। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। दूसरी घटना बगुची क्षेत्र की है, जहां दिनेश पिता रतनलाल जाटव (45 वर्ष) शुक्रवार दोपहर में खाना खाकर सोए थे। देर दोपहर जब परिजन जब उन्हें उठाने पहुंचे तो वे अचेत मिले। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।*

## पुलिस ने चाकू मारने वाले आरोपी को 6 घंटे में गिरफ्तार किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम झाड़मऊ में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी रवि ठाकुर की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू जोशी को मात्र 6 घंटे में लोहे का धारदार चाकू जप्त कर गिरफ्तार किया गया। घटना में मुख्य कारण पुरानी रंजिश के चलते कालुलाल पिता नारायण मालवीय उम्र 40 वर्ष पर गोलू जोशी ने चाकू से वार किया था जिसमें कालुलाल मालवीय गंभीर घायल हो गया जिसे सिविल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज उपरांत बाहर रेफर किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 434/ 25 धारा 109 (1) 296 , 115(2) , 351( 3) बी एन एस एवं 3(1)(द) (ध) 3(2) ,(5-क) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिसमें उप निरीक्षक अजय यादव, जितेंद्र अजनारे, सहायक उप निरीक्षक जगदीश यादव, प्रधान आरक्षक अनिल नायक, गणेश धाकड़, आरक्षक अनिल, रवि जाट, पंकज जाट, मनीष जाट माचलपुर एवं साइबर सेल आरक्षक अशोक राहोरिया की भूमिका रही।

# राज्यमंत्री ने किया 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल खो-खो स्पर्धा का शुभारंभ

**सारंगपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल खो-खो प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में भोपाल, इंदौर, आदिवासी विकासखंड, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, रीवा, ग्वालियर, शहडोल एवं उज्जैन संभागों से आए 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मंत्री टेटवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल भावना से खेलना ही सच्ची जीत है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि जीवन में अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण कर निष्पक्ष खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने का संकल्प लिया।




## कुल्हाड़ी से युवक पर जानलेवा हमला किया

**जीरापुर।** आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से एक युवक पर जानलेवा हमला कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से जानकारी के मुताबिक फरियादी राधेश्याम पिता कालू डांगी उम्र 58 साल निवासी पिपलिया कला में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी शोभाराम पिता कैलाश भील भील उम्र 22 साल निवासी पिपलिया कला देवी सिंह पिता सीताराम भूल उम्र 35 साल पिपलिया कला सोनू उर्फ जसवंत भील पिता रामबाबू बिल उम्र 19 साल निवासी बघेल थाना खुजनेर के विरुद्ध अपने भतीजे कमल पिता बद्रीलाल दांगी को गालियां देकर लोहे की कुल्हाड़ी से गले हुआ कंठ पर पान घातक हमला करने तथा लाल गुप्ता से मार मार पीट कर जान से मारने की धमकी देने दी गई जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 432ढ25 धारा 109 , 118(1) , 296 , 115 (2 ) , 351(3) , 3 ,(5) बीएनएस कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास अज्ञात घायल महिला मिली, शाजापुर रैफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ट्रेंचिंग ग्राउंड सारंगपुर के पास लगभग 30 से 32 वर्ष की एक अज्ञात महिला घायल अवस्था में पाई गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट होने पर चिकित्सकों ने उसे शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया है। हालत गंभीर होने पर महिला को शाजापुर से इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि महिला विवाहित है तथा उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले में अज्ञात महिला की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं और घटना की जांच जारी है।

### हरिहर मिलन गौरव दिवस महोत्सव को भव्यता से मनाने के दिए निर्देश

# राज्यमंत्री टेटवाल ने की कार्तिक मेले की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

कालीसिंध तट स्थित श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले कार्तिक मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सहभागिता की। बैठक में मेले से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं कृ स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर होने वाला हरिहर मिलन गौरव दिवस महोत्सव नगर की गरिमा, आस्था और परंपरा के अनुरूप भव्यता एवं सुसंयोजन के साथ आयोजित किया जाए।



# मां फलौदी की आराधना कर मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के मेड़तवाल समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सभी मातृ-शक्तियों व समाजजनों द्वारा मां फलौदी की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन करते हुए मंगल गीत गाए गए। इसके उपरान्त सभी ने एक-दूसरे को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन समाज में करीब 200 से अधिक महिला, पुरुष बच्चे शामिल हुए। इस दौरान समाज के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में भी कार्ययोजना तैयार की गई। सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष होली मिलने समारोह एवं दीपावली मिलन समारोह वृहद स्तर पर आयोजित करवाया जाएगा। सामाजिक विषयों पर संगोष्ठी, परिचर्चा एवं सामूहिक भोज उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ।

### मेड़तवाल समाज ने किया आयोजन



### महामंत्री अमित शर्मा के निवास पर बधाई देने पहुंचे लोग

# हॉस्पिटल में फल बांटकर और भोजन कराकर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ़ जिले के महामंत्री पं. अमित शर्मा का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से बनाया। कार्यकर्ताओं ने सिविल हॉस्पिटल पहुंचकर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव की उपस्थिति में सभी मरीजों को फल वितरण किया एवं उनको स्वास्थ्य होने की कामना की वही शहर के पंचमुखी मंदिर पर पहुंचकर निरक्षित असहाय लोगों को भोजन कराया गया एवं गौ माता को चारा डाला।

सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पंडित अमित शर्मा ने छोटे बच्चों को भोजन के पैकेट वितरण किया और उनको उपहार भी भेंट किए गए। भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री पंडित अमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं पर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है



कार्यकर्ताओ के लिए 24 घंटे में पंडित अमित शर्मा अपने कार्यकर्ताओ के दिलों पर राज करते हैं। विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीति करियर की शुरुआत की पंडित अमित शर्मा ने,भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री पंडित अमित शर्मा विद्यार्थी परिषद से लेकर भारतीय जनता पार्टी के सभी पदों पर कार्य करते हुए राजगढ़ जिले की भाजपा संगठन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं अपनी मेहनत कार्यकर्ता आपको प्यार से पंडित अमित शर्मा नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को दिनभर उनके निवास पर जिले भर के कार्यकर्ताओं को आना-जाना लगा रहा।

### आमजनों की सुरक्षा और अपराधों पर नियंत्रण में उठ रहे सवाल

**करीब दो माह से पूरी तरह खराब पड़े हुए हैं ये सभी सीसीटीवी**

# राजगढ़ मुख्यालय पर पुलिस विभाग के सभी 174 सीसीटीवी कैमरे खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आमजनों की सुरक्षा, अपराधों पर नियंत्रण एवं घटित अपराधों की त्वरित पतारसी के लिए पुलिस विभाग द्वारा द्वारा राजगढ़ मुख्यालय के विभिन्न प्वाइंटस पर 174 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हुए हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे की हाईरेसुलेशन क्वालिटी वाले उक्त सभी 174 सीसीटीवी कैमरे विगत करीब 2 माह से पूरी तरह खराब पड़े हुए हैं। नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, आंतरिक एवं नगर से बाहर जाने वाले रास्तों, हाईवे की सीमाओं सहित अन्य स्थानों पर लगे ये सीसीटीवी अब महज शोपीस बनकर रह गए हैं। इनका सर्वर ही बीते 2 माह से खराब होने से आमंजनों की सुरक्षा पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह हो गया है।

ऐसा भी नहीं है की इन कैमरों, सर्वर आदि के मेंटेनेंस के लिए विभाग ने प्रयास न किए हों परंतु जिस निजी कंपनी को उक्त कार्य का टेंडर सौंपा गया था, वह टैंडर रद्द होने के बाद नई कंपनी के टेंडर की प्रक्रिया राजधानी स्तर पर अटकी हुई है। कन्ट्रोल रूम की रेडियो शाखा द्वारा इन सीसीटीवी कैमरों के खराब होने के संबंध में भोपाल स्तर पर कई बार पत्राचार किया जा चुका है परन्तु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।



### कैमरे खराब होने से यह पड़ रहा बुरा असर

पुलिस की तीसरी आंख माने जाने वाले सीसीटीवी कैमरों के खराब होने से चोरी, लूट व इसी तरह के अन्य अपराधों की निगरानी विभाग नहीं कर पा रहा है। इसके साथ ही यातायात नियमों को तोड़कर जाने वालों पर भी सुचारू कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

### दूसरों से अपील पर खुद के कैमरे नहीं करवा पा रहे सही

बीते दिनों पुलिस ने न केवल राजगढ़ बल्कि जिले के अन्य शहरों के प्रतिष्ठान संचालकों, आमजनों से अपराधों को रोकने अपने यहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की अपील भी की थी। पर, इसे बड़ी विडंबना ही कहा जायेगा की विभाग अपने स्वामित्व के सीसीटीवी कैमरों का ही उचित रख-रखाव और सुचारू संचालन नहीं कर पा रहा है।

### सभी कैमरे एक खराब होने के कारण

पुलिस विभाग के सभी कैमरे खराब होने का प्रमुख कारण उनका समय पर मेंटेनेंस नहीं हो पाना है। इसके साथ ही जिस निजी कंपनी को राज्य स्तर से मेंटेनेंस आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसका टैंडर अब समाप्त हो चुका है।

### इनका कहना है...

*यह सही है कि सभी सीसीटीवी कैमरें खराब हैं। जिस प्रायवेट कंपनी के पास रिपेयरिंग, मेंटेनेंस आदि का टैंडर था, वह समाप्त हो चुका है। कुछ कैमरों के पार्टस हमने रिपेयर होने भिजवा दिए भी दिए हैं। विभागीय रूप से उच्चाधिकारियों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।*

*आरएन भिलाला,*
*प्रभारी, रेडियो शाखा, राजगढ़*